Prof. H.N. Mishra College of Education, Kanpur

दिनांक–25.03.2026

IQAC बैठक कार्यवृत्त

IQAC की पूर्व बैठक दिनांक 27.02.2026 पर सभी सदस्यों द्वारा विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुये दिनांक 24.03.2026 एवं 25.03.2026 को महाविद्यालय द्वारा UP PRAMAN पोर्टल पर भरे जाने वाले डेटा व विगत माह भरे गये डेटा के अनुसार प्राप्त ग्रेड/अंक प्रतिशत को और अधिक बढाने तथा भरे हुये डेटा को और सुधार कर वर्तमान माह में UP PRAMAN पोर्टल में भरने के लिये सुझाव एवं सुधार के सम्बन्ध में एक बैठक आहूत की गई है। जिसके अर्न्तगत सुझाव एवं निर्णय लिये गये जो निम्नवत् है–

1. सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा बैठक में उपस्थित सभी साथियों का स्वागत कर बैठक की कार्यवाही को आगे बढाया जिसमें सभी सदस्यों को यू0पी0 प्रमाण पोर्टल में भरे हुए डेटा से प्राप्त अंकों/स्कोर के बारे में जानकारी प्रदान की गई है तथा अंकों से प्राप्त श्रेणी से सभी साथियो को अवगत कराते हुये और अधिक मेहनत कर प्राप्त प्रतिशत को बढाना अति आवश्यक है।
2. श्री नीरज कुमार चौधरी जी यू0पी0 प्रमाण पोर्टल में प्राप्त 36 प्रतिशत अंक/स्कोर एवं D श्रेणी के बारे में जानकारी डिटेल से बताया गया कि किस मॉड्यूल में महाविद्यालय को कितने अंक प्राप्त हुए हैं तथा किस मॉड्यूल में अभी और बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है उस पर चर्चा की गयी।
3. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा सभी को अवगत कराया गया कि महाविद्यालय के छात्रों के उपस्थिति के प्रतिशत को और अधिक बेहतर बनाना आवश्यक है। जिसके आधार पर यू0पी0 प्रमाण पोर्टल में प्राप्त अंकों/स्कोर को बढाया जा सकता है जिस पर विस्तार से चर्चा की गई।
4. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा यू0पी0 प्रमाण पोर्टल पर महाविद्यालय द्वारा करायी जा रही सभी एक्टिविटी को सही तरह से भरना आवश्यक है। जिनको सभी शिक्षकों द्वारा शीघ्र एवं सुव्यवस्थित तरह से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना अनिवार्य है जिससे समय से यू0पी0 प्रमाण पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।
5. महाविद्यालय का NIRF में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है जिसके रजिस्ट्रेशन नवंबर माह से प्रारंभ होंगे।
6. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि यू0पी0 प्रमाण पोर्टल पर IQAC द्वारा बैठकें को करना अति आवश्यक है जिसकी जानकारी यू0पी0 प्रमाण पोर्टल पर भरी जानी आवश्यक है।
7. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा यह भी बताया गया कि महाविद्यालय को NAAC कराना अनिवार्य है जिसके अंक/स्कोर तभी प्राप्त हो सकते है तथा यह भी बताया गया कि महाविद्यालय में NAAC कराने के लिए किस स्थिति में है सभी कार्यों का विवरण देना भी अनिवार्य है
8. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा यह भी बताया गया कि Criteia में टीचिंग लर्निंग को कैसे इंप्रूव कर सकते हैं उसे पर भी विशेष चर्चा की गई।
9. यू0पी0 प्रमाण पोर्टल के रिसर्च मॉड्यूल में स्कोर को Paper Published कर अंक/स्कोर को बढ़ाया जा सकता है जिससे महाविद्यालय का ग्रेड एवं अंकों में सुधार की संभावना है। जिसके संबंध में माननीय प्राचार्य जी के द्वारा महाविद्यालय के सभी रिसर्च स्कॉलर को पेपर प्रेजेंटेशन एवं यूट्यूब चैनल के माध्यम से वीडियो बनाने के लिए निर्देशित कर दिया गया है ऐसी जानकारी प्रदान की गई।
10. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा रिसर्च प्रोजेक्ट को लेने के लिए भी विशेष जोर दिया गया है जिसके माध्यम से यू0पी0 प्रमाण पोर्टल पर अधिक अंक प्राप्त किया जा सकते हैं।
11. यू0पी0 प्रमाण पोर्टल के Alumni मॉड्यूल में Alumni संगठन को रजिस्टर्ड करना अनिवार्य है तथा Alumni मीट के माध्यम से कौन–कौन से कार्यक्रम करवाए गए हैं जिसकी रिपोर्ट भी सबमिट कर अंको के प्रतिशत को बढ़ाया जा सकता है जिसके अंतर्गत Alumni का रजिस्ट्रेशन तथा Alumni के बैंक खाते को खुलवाना आवश्यक है।
12. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा यह भी बताया गया कि महाविद्यालय के द्वारा NATS पोर्टल पर महाविद्यालय के छात्रों का रजिस्ट्रेशन भी कराया जाये एवं महाविद्यालय द्वारा अप्रेंटिस के लिए भी क्या कार्य किया जा रहे हैं उसकी भी सूचना यू0पी0 प्रमाण पोर्टल अपलोड करना आवश्यक है। जिसके लिए NATS के नये पोर्टल पर

Principal
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

महाविद्यालय का रजिस्ट्रेशन पर पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिये आमंत्रित किया जा सकता है। जिससे अंक/स्कोर को बढाया जा सकता है।

13. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा महाविद्यालय स्तर पर बिजली बचाने के लिए सोलर पैनल की स्थापना करना भी आवश्यक है जिसके लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गयी है।
14. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा श्रीमती विमलेश कुमारी शर्मा जी को श्री शादाब और सुश्री मोहिनी को ऑर्किड आईडी (ORCID) तथा गूगल स्कॉलर आईडी बनवाकर उपलब्ध करवाने का कार्य दिया गया है। साथ ही महाविद्यालय के सभी शिक्षक साथी अपनी अपनी विद्वान आईडी बनाकर उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।
15. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा बताया गया कि यू0पी0 प्रमाण पोर्टल के अर्न्तगत महाविद्यालय द्वारा किये गये MOU की डिटेल उपलब्ध की जानकारी करानी अनिवार्य है।
16. मा0 प्राचार्य जी द्वारा श्री नीरज कुमार चौधरी एवं डॉ0 संदीप कुमार श्रीवास, डॉ0 सरोज कुमार जायसवाल, सुश्री रूपम गंगवार, श्रीमती श्वेता दीक्षित, श्रीमती विमलेश कुमारी शर्मा एवं इंटर्नशिप हेतु आये हुये विद्यार्थियों के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन को तैयार कर भेजने के लिए कहा गया।
17. मा0 प्राचार्य जी एवं श्री नीरज कुमार चौधरी द्वारा पैरामीटर 16 के बिन्दु 3, 4 एवं 5 महाविद्यालय एवं इसमें संचालित पाठ्यक्रम की प्रकृति के अनुसार महाविद्यालय पर लागू नहीं होते हैं। भविष्य में यदि यह महाविद्यालय पर लागू होता पाया जायेगा तो इस पर क्रियान्वयन किया जायेगा निर्णय लिया गया।
18. UP PRAMAN के पैरामीटर 17 के बिन्दु 2, 3, एवं 4 महाविद्यालय की प्रकृति एवं ONOS के मानकानुसार के अनुसार महाविद्यालय पर लागू नहीं होते हैं। भविष्य में यदि यह महाविद्यालय पर लागू होता पाया जायेगा तो इस पर क्रियान्वयन किया जायेगा।
19. UP PRAMAN के पैरामीटर 19 का बिन्दु 2 महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम की प्रकृति के अनुसार महाविद्यालय पर लागू नहीं होते हैं। भविष्य में यदि यह महाविद्यालय पर लागू होता पाया जायेगा तो इस पर क्रियान्वयन किया जायेगा।
20. UP PRAMAN के पैरामीटर 22 का बिन्दु 4 महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम की प्रकृति के अनुसार महाविद्यालय पर लागू नहीं होते हैं। भविष्य में यदि यह महाविद्यालय पर लागू होता पाया जायेगा तो इस पर क्रियान्वयन किया जायेगा।
21. Plagiarism परास्नातक स्तर पर लागू होता है जिसकी जानकारी यू0पी0 प्रमाण पोर्टल पर भरी जानी आवश्यक है।
22. मा0 प्राचार्य जी एवं श्री नीरज कुमार चौधरी द्वारा महाविद्यालय में आए हुए विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिये दिखाया जा सकता है।
23. मा0 प्राचार्य जी एवं श्री नीरज कुमार चौधरी द्वारा महाविद्यालय के बी.एड., एम.एड., पीजीडीसीए पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं का एक रिकार्ड तैयार करना अनिवार्य है।
24. UP PRAMAN के पैरामीटर 25 का बिन्दु 1, 2, 3 महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम की प्रकृति के अनुसार महाविद्यालय पर लागू नहीं होते हैं। भविष्य में यदि यह महाविद्यालय पर लागू होता पाया जायेगा तो इस पर क्रियान्वयन किया जायेगा।
25. महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं आये इंटर्नशिप हेतु आये विद्यार्थियों को अपने 2 वीडियो लेक्चर बनाकर दो कार्य दिवस में आवश्यक रूप से उपलब्ध करा दें जिसको यू.पी. प्रमाण पोर्टल पर अपलोड किया जा सके एवं इंटर्नशिप विद्यार्थियों को शिक्षक एवं कर्मचारियों को महाविद्यालय की वेबसाइट, इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर, गूगल के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए प्रेरित करने के लिए भी कहा गया।
26. मा0 प्राचार्य जी द्वारा वर्चुअल लैब के लिए जानकारी लेकर उपलब्ध करावाने का आश्वासन दिया गया।
27. मा0 प्राचार्य जी एवं श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा शुल्क को Online के माध्यम से जमा करने के महाविद्यालय की वेबसाइट के पेमेंट QR, UPI ID जोडने के लिये कहा गया जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट के पेमेंट QR, UPI ID से शुल्क को जमा किया जाना सुनिश्चित हो सके जिसके अर्न्तगत विद्यार्थियों की डिटेल नाम, कक्षा, पिता का नाम, सेमेस्टर इत्यादि की डिटेल को भी भर सके।
28. मा0 प्राचार्य जी एवं श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा महाविद्यालय में इंटर्नशिप हेतु आए विद्यार्थियों से महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर अपलोड हुए वीडियो को देख कर उनका रिव्यू कर एक रिपोर्ट बनाने के लिए भी कहा गया है एवं कंटेंट के रिव्यू के लिए एक गूगल फॉर्म बनाकर फॉर्म से प्राप्त डेटा के अनुसार सुधार एवं प्रगति की जा सके जो सुश्री रूपम गंगवार एवं श्री अनुज जी द्वारा इंटर्नशिप हेतु आए विद्यार्थियों से कराया जाना है।

Abajpai

Principal
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

29. मा0 प्राचार्य जी द्वारा यू.पी. डिजिटल लाइब्रेरी की डिटेल के विषय में बताने के लिए कहा गया है इसकी रिपोर्ट श्री सुमित कुमार जी द्वारा प्रस्तुत की जायेगी।
30. UP PRAMAN के पैरामीटर 29 का बिन्दु 1, 2, 3, 4, 5 महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम की प्रकृति के अनुसार महाविद्यालय पर लागू नहीं होते हैं। भविष्य में यदि यह महाविद्यालय पर लागू होता पाया जायेगा तो इस पर क्रियान्वयन किया जायेगा।
31. UP PRAMAN के पैरामीटर 32 का बिन्दु 1, 2, 3, 4, 5 महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम की प्रकृति के अनुसार महाविद्यालय पर लागू नहीं होते हैं। भविष्य में यदि यह महाविद्यालय पर लागू होता पाया जायेगा तो इस पर क्रियान्वयन किया जायेगा।
32. ओरिएंटेशन/स्कॉलरशिप/ए.बी.सी. क्रेडिट की मीटिंग की रिपोर्ट बनानी है जिसको डॉ0 सरोज कुमार जायसवाल जी द्वारा तैयार किया जायेगा।
33. श्री नीरज कुमार चौधरी जी द्वारा स्कॉलरशिप के विषय में श्री प्रसून कुमार चौधरी जी द्वारा जानकारी उपलब्ध कराने के लिये कहा गया।
34. मा0 प्राचार्य जी द्वारा आई.पी.आर से संबंधित एक सेमिनार को वकील के माध्यम से ऑनलाइन माध्यम से कराने का सुझाव दिया गया।
35. मा0 प्राचार्य जी द्वारा Kapila समिति, E-Content Social Media Review Committee का सर्वसम्मति से गठन किया गया। (पत्र संलग्न है।)
36. मा0 प्राचार्य जी द्वारा सर्वसम्मति से Feedback Committee का गठन किया गया जिसमें डॉ0 संदीप कुमार श्रीवास को नोडल ऑफिसर का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया। (पत्र संलग्न है।)
37. मा0 प्राचार्य जी द्वारा सर्वसम्मति से Monitoring Committee for Instutional Development Plan (IDP) Committee का गठन किया गया। (पत्र संलग्न है।)
38. मा0 प्राचार्य जी द्वारा महाविद्यालय द्वारा 08 संस्थानों से किये गये MoU की सूची की जानकारी दी गयी। (सूची संलग्न है।)
39. 07 पैरामीटर जो लागू नही हो रहे है वह निम्न प्रकार से है 16, 17, 19, 22, 25, 29, 32

बैठक के अंत में प्राचार्य महोदय द्वारा सभी UP PRAMAN के सभी 43 पैरामीटर पर चर्चा हुई जिसके उपरांत 19 पैरामीटर पर कार्य हुआ है। मार्च, 2026 में 6 पैरामीटर पर और काम करने हेतु विचार किया गया तथा 7 पैरामीटर पर महाविद्यालय की IQAC समिति एवं शिक्षकों द्वारा लागू न होने की चर्चा की गई जिसे लागू न होने के पत्र के साथ UP PRAMAN पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा

अग्रिम कार्यवाही हेतु श्री नीरज कुमार चौधरी, नोडल UP PRAMAN एवं श्री प्रसून चौधरी वरिष्ठ कार्यालय सहायक द्वारा समस्त रिकार्ड/अभिलेखों की पुनः जॉच कर निर्धारित तिथि दिनांक 01 अप्रैल, 2026 से 05 अप्रैल, 2026 के मध्य पोर्टल खुलने के साथ ही भरवाना सुनिश्चित करें।

प्रो0 (डॉ0) मनोज कुमार प्रजापति
प्राचार्य

Principal
Prof. H.N. Mishra College of Education
KANPUR

बैठक में उपस्थित सदस्य

डॉ0 संदीप कुमार श्रीवास
डॉ0 सरोज कुमार जायसवाल
श्री नीरज कुमार चौधरी
डॉ ऋतंभरा श्रीवास्तव
श्रीमती विमलेश कुमारी शर्मा
श्रीमती श्वेता दीक्षित
सुश्री रूपम गंगवार
सुश्री सुमति ओमर
श्री अनुज बाजपेयी
श्री प्रसून चौधरी
श्री सुमित शर्मा